तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 13.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि
रायपुर, बुधवार, 27 दिसंबर 2023

12 कांग्रेस हैं तैयार हम की थीम पर नागपुर ...

12 हल्बा समाज ने मनाया शक्ति दिवस, मांगों को करेंगे ...




हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना-2023
सामान्य कूपन
27 दिसम्बर 2023
कूपन नं. 16

# पीएम आवास शहरी के लिए अब डायरेक्ट पेमेंट नहीं, केंद्र ने बदला सिस्टम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

■ निकायों के अफसरों को जारी किया गया निर्देश

छत्तीसगढ़ में अब प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के लिए दिया जाने वाला अनुदान हितग्राहियों के खाते में डायरेक्ट बेनीफिट स्कीम याने डीबीटी के माध्यम से स्वीकृत नहीं किया जाएगा। इस संबंध में केंद्र सरकार के आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा नियम में बदलाव किया गया है। अब नए निर्देश के मुताबिक इस योजना के हितग्राहियों को अनुदान राशि जारी करने के लिए आधार पेमेंट ब्रिज सिस्टम यानी एपीबीएस के माध्यम का उपयोग किया जाएगा।

भारत सरकार के आवास और शहरी कार्य मंत्रालय ने इस संबंध के लिए निर्देश जारी करने के लिए राज्य सरकार को पत्र जारी किया है। वर्तमान में निकायों द्वारा योजना अन्तर्गत पीएफएमएस प्लेटफार्म के माध्यम से आधार पेमेंट ब्रिज सिस्टम एपीपीएस अथवा एकाउंट बेस्ड सिस्टम का उपयोग कर हितग्राहियों के खाते में डायरेक्ट बेनीफिट ट्रांसफर के माध्यम से स्वीकृत अनुदान जारी किया जा रहा है।

भारत सरकार आवास और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा हितग्राहियों को पीएफएमएस प्लेटफार्म से अनुदान जारी किए जाने के लिए केवल आधार पेमेंट ब्रिज सिस्टम एपीबीएस का उपयोग अनिवार्य किया गया है। इस सिस्टम के माध्यम से भुगतान निरस्त होने की स्थिति में ही खाता बेस्ट मोड का उपयोग करने के लिए आदेश जारी हुआ है।

## आधार पेमेंट ब्रिज सिस्टम यानी एपीबीएस के माध्यम का होगा उपयोग

### अब तक केवल 2.5 प्रतिशत फंड ट्रांसफर आधार से

केंद्र द्वारा जारी किए पत्र में यह भी कहा गया है कि छत्तीसगढ़ राज्य में यह देखा गया है कि कुल लेन देन का केवल 2.5 प्रतिशत आधार आधारित प्रणाली के माध्यम से किया जाता है, जो 1832 लामाथियों को 10.77 करोड़ के फंड ट्रांसफर के बराबर है। केंद्र के आदेश के बाद अब इसके क्रियान्वयन के लिए राज्य सरकार के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के प्रदेश के सभी निगम आयुक्तों, सभी नगरपालिका परिषदों और नगर पंचायतों के सीएमओ को निर्देश दिया है कि वे पीएम आवास शहरी के हितग्राहियों को अनुदान की राशि एपीबीएस के माध्यम से जारी करें।




### व्यवस्था इसलिए बदली गई

केंद्र सरकार ने इस बदलाव के संबंध में साफ किया है कि प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण को बढ़ावा देने और आधार पेमेंट ब्रिज सिस्टम के उपयोग को बढ़ाने के लिए यह निर्णय लिया गया है। राज्य सरकार अपने लाभार्थियों को बाद में लंबित वित्तीय सहायता हस्तांतरित करने के लिए एपीबीएस का उपयोग कर सकते है। केंद्र सरकार ने राज्य से आग्रह किया है कि संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा करें और उपरोक्त मामले पर आवश्यक निर्देश जारी करें, ताकि भविष्य के सभी लेनदेन पीएफएमएस प्लेटफार्म का उपयोग करके एपीबीएस के माध्यम से किया जा सके।

## फालोअप : टैंकर घोटाले में शामिल अधिकारी व कर्मचारियों पर गाज गिरना तय

# टैंकर घोटाले में आधी राशि हुई वापस एफआईआर दर्ज होने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

■ ठेकेदार को जल्द शेष राशि को करना होगा जमा

जिले के भानुप्रतापपुर और दुर्गुकोंदल विकासखंड में 33 ऐसी ग्राम पंचायत है, जहाँ पर टैंकर को सप्लाई करने के लिए जनपद पंचायत के सीईओ ने नियमों को ताक में रखकर एजेंसी को 6 माह पहले अग्रिम भुगतान किया था। एजेंसी ने 6 माह बाद भी टैंकर नहीं पहुँचाया। इस मामले की जाँच हुई और जाँच के बाद जिला पंचायत ने जनपद पंचायत को राशि वापिस करने निर्देश दिया। जानकारी के अनुसार अभी तक आधी से ज्यादा रकम वापस हो गई, बची रकम को ठेकेदार ने दो दिनों में वापिस नहीं किया तो उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज हो सकती है। जाँच अधिकारियों की अनुशंसा पर संलिप्त अधिकारियों व कर्मचारियों पर गाज गिरना तय है।

जानकारी के अनुसार भानुप्रतापपुर विकासखंड में 21 ग्राम पंचायत में से 17 ग्राम पंचायत विनायकपुर, डोंगरगांव, पेवारी, डूमरकोट, बांसला, कुल्हाड़कट्टा, आसुलखार, कठोली, हवरकोंदल, धनेली, डोंगरकट्टा, भानबेड़ा, कनेचुर, कोरर, हरनपुरी, संबलपुर, हाटकर्रा में टेंकर नहीं पहुँचा है वहीं बांसकुंड, कन्हारगांव, नारायणपुर, ईरागांव में टेंकर पहुँच चुका है। दुर्गुकोंदल विकासखंड में 19 ग्राम पंचायत में से 16 ग्राम पंचायत कलंगपुरी, ▶▶| शेष पेज 10 पर




### जिला पंचायत को हुई राशि वापिस

जिला पंचायत ने जनपद पंचायत को टैंकर के लिए जारी की गई राशि का वापिस करने निर्देश दिया था। इसी के तहत जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर ने 11 लाख वापिस कर दिया है और 25 लाख 50 हजार की राशि 27 दिसंबर को जमा करने का समय माँगा है। वहीं जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल ने 15 लाख 75 हजार वापिस कर दिया है और 20 लाख वापिस करने के लिए कुछ समय माँगा है। जिला पंचायत इस मामले में जल्द राशि वापिस नहीं करने पर संबंधितो और ठेकेदार के खिलाफ जल्द एफआईआर दर्ज करा सकती है।

### छह माह बाद नहीं पहुँचे टैंकर

भानुप्रतापपुर और दुर्गुकोंदल विकासखंड के सीईओ के द्वारा जारी अग्रिम राशि के 6 माह बाद भी टैंकर नहीं पहुँचे। मामला प्रकाश में आने के बाद इस मामले में कई तथाकथित नेता ठेकेदार को बचाने के लिए जुट गए है। इस मामले में यह बात भी सामने आ रही है कि तथाकथित नेता, जिन्होंने ठेकेदार से सांठगांव की थी, वो ठेकेदार के लेनदेन को नहीं निबटा रहे। वहीं ठेकेदार कथित नेताओं के चक्कर काटने में लगा है। उच्च अधिकारियों ने बदली सरकार के रूख को भांपते हुए जल्द इस मामले में एफआईआर दर्ज कर सकती है।

### जनप्रतिनिधियों ने टैंकर के लिए की थी अनुशंसा

जानकारी के अनुसार जनप्रतिनिधियों ने ग्राम पंचायतों में टैंकर देने के लिए अनुशंसा किया था। कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों ने एक निर्धारित एजेंसी को काम देने के लिए अनुशंसा की। इस एजेंसी के द्वारा आज तक अग्रिम भुगतान लेने के बाद एक भी ग्राम पंचायत में टेंकर नहीं पहुँचा है। अधिकारियों ने किसके दबाव में आकर जनप्रतिनिधियों के चहेते ठेकेदारों को काम दिया, तब पता चलेगा, जब इस मामले में एफआईआर दर्ज होगी।

### एफआईआर भी दर्ज किया जाएगा

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमीत अग्रवाल ने बताया कि जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर के सीईओ के अनुसार ठेकेदार ने 25 लाख 50 हजार का चेक दे दिया है वहीं दुर्गुकोंदल जनपद पंचायत सीईओ नेटवर्क में नहीं होने से जानकारी नहीं मिल पा रही है। उन्होने कहा कि इस मामले में जिस अधिकारी के द्वारा गड़बड़ी की गई है, उसके खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी और एफआईआर भी दर्ज किया जाएगा।

## भाजपाइयों ने वीर बाल दिवस पर साहिबजादों के बलिदान को किया याद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

■ गुरुद्वारा में मत्था टेककर गुरूवाणी सुनी

भारतीय जनता पार्टी जिला संगठन द्वारा जिलेभर में राष्ट्रीय वीर बाल दिवस मनाया गया। विदित हो कि सिखों के दसवें गुरू गोविदं सिंह के साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह व बाबा फतेह सिंह के शहादत के सम्मान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने 2022 से 26 दिसंबर को राष्ट्रीय वीर बाल दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। वीर बाल दिवस के मौके पर भाजपा द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

भाजपा कार्यालय कमल सदन में साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह व बाबा फतेह सिंह के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके शहादत को नमन किया गया। भाजपाई गोविंदपुर स्थित गुरूद्वारा गए, जहां उन्होंने मत्था टेककर गुरू वाणी सुना और दोनों साहिबजादों के शहादत को सम्मान दिया। चारामा स्थित गुरूद्वारा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मत्था टेककर साहिबजादों के बलिदान को याद किया। इस अवसर पर कांकेर, भानुप्रतापपुर, चारामा के कार्यक्रम में पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, जिला महामंत्री दिलीप जायसवाल, राजीव लोचन सिंह, गौतम उइके, राजा देवनानी, निपेन्द्र पटेल, दीपक खटवानी, प्रकाश जोतवानी, नरोत्तम चौहान, अरूण कौशिक, गिरधर यादव, राजा पाण्डेय, मीरा सलाम, राजेन्द गौर, विजय साहू, ▶▶| शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### अक्षत कलश की पूजा कर निकाली गई कलशयात्रा



**चारामा।** अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा उत्सव कार्यक्रम मनाया जा रहा है, जिसे लेकर ग्राम जैसाकर्रा में 25 दिसम्बर को अक्षत पूजन कलश यात्रा डीजे के धुन के साथ धूमधाम से निकाली गई। अयोध्या से आए अक्षत कलश को लेकर गांव के लोग काफी उत्साहित हैं। अक्षत कलश को ग्राम के शीतला मंदिर में पूजा अर्चना के पश्चात श्रीराम जानकी मंदिर बड़ेपारा में रखा गया है। विश्वहिंदू परिषद के जिला सहमंत्री अजय निषाद ने बताया की 1 से 15 जनवरी के बीच गांव के प्रत्येक घर में अक्षत, पत्रक और भगवान श्रीराम का चलचित्र पहुंचाया जाने की जानकारी दी गई।

### कोरर लैंप्स में मनाया गया सुशासन दिवस



**कांकेर।** लैंप्स कोरर में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जन्म दिवस के अवसर पर सुशासन दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान उपास्थित सभी किसानों को बोनस प्रमाण पत्र वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हेमराज सिंह राठौर, अध्यक्षता सौरभ सिंह ठाकुर, विशिष्ठ अतिथि सर्वेश सिंह चौहान, अनूप सिंह राठौर, बलवंत सिंह, राजेश पांडेय, पीयूष कश्यप, रमेश दुग्गा, पदमा ठाकुर, हरबंश शिवना, नायब तहसीलदार कोरर, लैंप्स प्रबंधक महेंद्र टांडिया, लेखापाल ऊदल साहू व क्षेत्र के किसान उपस्थित रहे।

### नत्थूराम को 1 लाख रुपए की मिली बोनस राशि

**कांकेर।** विकासखंड कांकेर के ग्राम भीरावाही के किसान नत्थूराम जैन भी हैं, जिनके खाते में 1 लाख रुपए की बकाया बोनस राशि जमा हुई। उन्होंने कहा कि बकाया बोनस राशि मिलने से हम सभी किसानों को बहुत फायदा होगा और खेती किसानी के अलावा और अन्य जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री द्वारा 3100 रुपए प्रति क्विंटल धान खरीदी के फैसले का भी किसानों को बहुत राहत मिल रही है। उन्होंने किसान हितैषी निर्णय के लिए संवेदनशील मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया है।

### शहीद गैंद सिंह की शहादत को शक्ति दिवस के रूप में मनाया



**चारामा।** हल्बा हल्बी समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य चारामा ब्लॉक के किशनपुरी सर्किल के अंतर्गत ग्राम पदमपुर, परसोदा व जंवरतरा में गाजे बाजे के साथ शहीद गैंद सिंह के शहादत दिवस को शक्ति दिवस के रूप में मनाया। कलश यात्रा निकालकर पूरे गांव में भ्रमण कर पूजा अर्चना किया गया। समाज के बच्चों ने खेलकूद व ▶▶| शेष पेज 10 पर

## यादव समाज में एकजुटता बनाए रखें, रीति-रिवाज का करें पालन



■ कोंडे में मनाया गया ब्लॉक स्तरीय गोपाष्टमी

**दुर्गुकोंदल।** यादव समाज द्वारा ग्राम कोंडे में ब्लॉक स्तरीय गोपाष्टमी पर्व धूम धाम से मनाया गया। इस अवसर पर विविध कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। यादव समाज के जिलाध्यक्ष सुदामा यादव ने कहा कि समाज में एकजुटता बनाए रखें। समाज के रीति-रिवाज का पालन करें। समाज के लोग नशाखोरी से मुक्त रहकर समाज में विकास में भागीदारी बनें। अच्छी तरीके से कृषि कार्य करें। छोटे व्यवसाय को अपनाए। समाज विकास के लिए शिक्षा भी बेहद जरूरी है। इसलिए समाज के महिला, पुरूष, युवक, युवती अपने बच्चों शिक्षा के प्रेरित करें। समारे समाज के बच्चे शिक्षित होंगे तभी समाज में सामाजिक आर्थिक विकास तेजी से होगी। घरों में भी बच्चे स्कूल से लौटें तो उनके दिनभर की सामाजिक गतिविधि का हिसाब करें। बच्चे होशियार बनेंगे और सजग रहेंगे। इस अवसर पर ब्लाक अध्यक्ष दुर्गुकोंदल दयालूराम यादव, संभागीय महासचिव महेश यादव, शिवचरण यादव, संदीप यादव, हरीराम यादव, ब्लाक संरक्षक मेहतरू राम यादव, ब्लाक उपाध्यक्ष पुनीतराम यादव, ब्लाक सचिव प्रेमलाल यादव, मिडिया प्रभारी मोहन यादव, ब्लॉक अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ बसंती यादव, गाड़ोराम पुड़ो, गांडोराम पुड़ो, जयदेव वड्डे, कृति राना, फूलमती उइके, राधेश्वर टोहलिया सहित ब्लाक के महिला व पुरूष उपस्थित रहे।



## सोनादाई में धूमधाम मनाया शक्ति दिवस पर्व

**दुर्गुकोंदल।** विकासखण्ड दुर्गुकोंदल के लोहत्तर के मुख्यालय सोनादाई सहित गढ़ लोहत्तर के प्रत्येक पालीग्राम में शक्ति दिवस पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शक्ति दिवस पर माँ दंतेश्वरी के छायाचित्र में पूजा अर्चना के बाद ध्वजारोहण किया गया। शक्ति दिवस पर 18 गढ़ अध्यक्ष परमेश्वर दीवान और 32 गढ़ अध्यक्ष बिदेसिंह देहारी के द्वारा पूजा अर्चना के बाद समाज की रीति रिवाजो के बारे में समाज के प्रबुद्धजनों द्वारा बताया गया और सामाजिक कार्यक्रमों के प्रति जागरूकता लाने का प्रयास किया गया। युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष मन्नु दीवान द्वारा युवाओं को सामाजिक क्षेत्र में आगे आने को कहा गया और पूर्व अध्यक्ष विकास राजु नायक ने शिक्षा और सामाजिक कार्यक्रमों में जोर देते हुए शिक्षा आज की स्थिति में बहुत महत्वपूर्ण है। शिक्षा के साथ-साथ समाज को भी युवाओ को समय देने के लिए कहा। इस दौरान पूर्व गढ़ अध्यक्ष मेहत्तर दीवान, प्यारे लाल दीवान, देवलाल देहारी, सगनू दीवान, रामलाल दीवान, किशोर देहारी, बिसाहू चूरपाल उपस्थित रहे।

## तालाकुर्रा एवं कोकानपुर के ग्रामीण शासकीय योजनाओं से हुए लाभान्वित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

■ समस्याओं का तत्काल निराकरण भी किया गया

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत तहसील कांकेर में पहला आयोजन 25 दिसम्बर को ग्राम पंचायत तालाकुर्रा में हुआ। वहीं दूसरा आयोजन ग्राम पंचायत कोकानपुर में किया गया। इस दौरान आयोजित शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को केंद्र शासन की योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही योजनाओं से लाभान्वित करने हितग्राहियों के आवेदन भी लिए गए। कृषि विभाग के स्टाल में प्रधानमंत्री सम्मान निधि के लिए अवध राम पिता दुलारू एवं महेश पिता आनन्द राम के द्वारा आवेदन दिया गया, जिसका तत्काल निराकरण किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के नए हितग्राहियों को गैस कनेक्शन का वितरण भी किया गया। केंद्र सरकार की योजनाओं के प्रचार-प्रसार और हितग्राहियों से संवाद के लिए पहुंची यात्रा का स्वागत ग्राम पंचायत की महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा गीत गाकर किया गया। साथ ही महिलाओं ने लघु नाटक धरती कहे पुकार के की मार्मिक प्रस्तुति देकर लोगों को रासायनिक खाद के नुकसान और जैविक खाद के अधिक से अधिक उपयोग के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष रामचरण कोर्राम, जनपद सदस्य डिकुन लता साहू, कोदागांव के सरपंच पंचूराम नायक, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## सोसायटियों में प्रतिदिन 700 से 1600 क्विंटल तक खरीदी की सीमा

# धान विक्रय करने के लिए अब एक माह बचा, बिक्री के लिए मची होड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

■ समयसीमा बढ़ाने को लेकर सीएम की घोषणा से राहत

उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी की लिमिट तय होने से बेचने वालो में होड़ मच गई है। वहीं सरकार ने धान खरीदी केंद्रों की लिमिट को दो दिन पहले ही बढ़ाने का आदेश जारी कर दिया है। लिमिट बढ़ा दिए जाने के बाद भी किसानों में धान बेचने को लेकर होड़ मची हुई है। सीएम ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि जरूरत पड़ेगी, तो धान खरीदी की समयसीमा बढ़ाई जा सकती है।

कांकेर में चालू खरीफ सीजन के धान की खरीदी जारी है। सोसायटियों में रखने की जगह के हिसाब से धान खरीदी की सीमा होने के कारण कई किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसानों के धान की मिंजाई हो चुकी है। खरीदी की सीमा तय होने के कारण अपनी बारी के इंतजार में किसान धान नहीं बेच पा रहे हैं। धान खरीदी में अब केवल एक माह बचा हुआ है, जिसके कारण किसान धान बेचने को लेकर परेशान हो रहे है। जिले में अभी तक 40 प्रतिशत धान की खरीदी हो चुकी है। विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद सोसायटियों में धान की आवक बढ़ गई है। मार्कफेड सोसायटियों में खरीदी के साथ साथ मिलरों से धान का उठाव भी कराया जा रहा है। मार्कफेड ने सोसायटियों में रखने की जगह के हिसाब से एक दिन में खरीदी की सीमा तय किया। जिसमें छोटी सोसायटियों में एक दिन में 700 क्विंटल और बड़ी सोसायटियों में 1600 क्विंटल तक धान की खरीदी की जा रही है, जिसे अब बढ़ा दिया गया है। सोसायटी में उतने ही किसानों का टोकन काटा जा रहा है, जितनी जरूरत है।





### खरीदी में अव्यवस्था न हो

मार्कफेड ने सोसायटी प्रबंधको को निर्देश जारी किया है कि किसानों से अब प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदना है, इसलिए पहले से पूरी व्यवस्था कर लिया जाएं। धान खरीदी में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसका ध्यान रखा जाएं।

पाठक सूचना
कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**नारायणपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालिक बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत जिले के पहुंचविहीन क्षेत्रों में प्रचार प्रसार करने के लिए कलेक्टर अजीत वसंत ने रथ को जिला कार्यालय के परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रचार वाहन जिले में संचालित विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविरों में जाकर लोगों को जागरूक करेगा, जिसमें राश्ट्रीय पोशण मिशन अंतर्गत पोशण के सुनहरे 1000 दिन, एनिमिया और डायरिया से बचाव, स्वच्छता एवं हैण्डवाश का उपयोग, पौश्टिक आहार सहित योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत बेटी है वरदान इसका करो सम्मान की नारा भी रथ मे लिखा गया है, जिसको लोग पढ़कर जागरूक होंगे। इस अवसर पर जिला बाल संरक्षण अधिकारी अजीत सिंह, संरक्षण अधिकारी सरिता वंजारी, विजय निर्मलकर सहित विभागीय कर्मचारी उपस्थित थे।

### राजपुर में मड़ई मेला 8 को

**मगरलोड।** ग्राम राजपुर में ग्रामवासियों के सहयोग से 8 जनवरी सोमवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में भूपेन्द्र साहू कृत रंग सरोवर बारूका जिला गरियाबंद की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी ग्रामीण अध्यक्ष बिरझू कंवर, कोषाध्यक्ष जयराम सिन्हा, सचिव चंद्रहास ध्रुव ने दी है।

### भर्रीगांव में मानसगान सम्मेलन 5 से

**पुरूर(धमतरी)।** ग्राम भर्रीगांव में तीन दिवसीय भव्य सस्वर मानसगान सम्मेलन 5 से 7 जनवरी तक किया गया है जिसमें छत्तीसगढ़ स्तर की ख्यातिप्राप्त मंडलियां अपनी प्रस्तुति देंगी। प्रतिस्पर्धा का शुभारंभ 5 जनवरी को शाम 4 बजे जिला पंचायत सभापति मीना सत्येन्द्र साहू के मुख्य आतिथ्य सरपंच, सुनीता साहू की अध्यक्षता एवं पुष्पाबाई साहू, अहिल्या साहू राजकुमारी साहू, त्रिवेणी साहू, गिरिजा साहू, संजय साहू, कुशलराम साहू के विशिष्ट आतिथ्य में होगा। समापन 7 जनवरी को विजय वर्मा सिविल इंजीनियर के मुख्य आतिथ्य में होगा। अध्यक्षता एचआर साहू अभियंता करेंगे। विशेष अतिथि मेनसिंग साहू, सोनउराम मात्रे, सेवकराम साहू, गोविंद साहू होंगे।

### डॉ. चोवाराम को श्री अटल सेवा सम्मान मिला

**जीजामगांव।** स्थानीय दाऊ कल्याण सिंह सोनवानी महाविद्यालय जीजामगांव में प्राचार्य पद पर कार्यरत डॉ. चोवाराम यदु को श्री अटल सेवा सम्मान से सम्मानित किया। विदित हो कि डॉ. यदु 2003 से महाविद्यालय में अध्यापन कार्य से जुड़े हुए हैं। अध्यापन के अतिरिक्त सामाजिक, सास्कृतिक, साहित्यिक एवं शोध कार्यों में लगातार कार्य कर रहे हैं। हिन्दी में कविता लेखन के लिए अनेक सम्मान प्राप्त हो चुके हैं। श्री अटल सेवा सम्मान प्राप्त करने पर महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं भूतपूर्व छात्रों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## राष्ट्रीय वीर बाल दिवस के अवसर पर हुआ जिला स्तरीय आयोजन

# वीरता और धर्म की रक्षा के लिए जोरावर व फतेह सिंह के बलिदान को करें आत्मसात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



दसवें सिख गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों जोरावर सिंह और फतेह सिंह की महान वीरता और सर्वोच्च बलिदान को श्रद्धांजलि देने के लिए 26 दिसंबर को जिला स्तरीय वीर बाल दिवस कार्यक्रम शहीद राम कुमार यादव शासकीय कन्या उमावि में सांसद मोहन मंडावी के मुख्य आतिथ्य एवं कांकेर विधायक आशाराम नेताम की अध्यक्षता में हुआ। अतिथियों द्वारा गुरू गोविंद सिंह एवं साहिबजादा जोरावर सिंह, फतेह सिंह के छायाचित्र में माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य आतिथि की आसंदी से सांसद ने कहा कि सभी विद्यार्थी वीर योद्धा के रूप में कार्य करते हुए अपने धर्म की रक्षा करें एवं नव राष्ट्र निर्माण में सहयोग करें। सिख गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों की महान वीरता और धर्म की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान को आत्मसात करें। विधायक आशाराम नेताम ने वीर बाल दिवस कार्यक्रम पर प्रकाश डालते हुए नौजवान युवाओं से नशापान से दूर रहने और इतिहास से सबक लेते हुए अपने धर्म की रक्षा करने के लिए प्रोत्साहित किया। राष्ट्रीय वीर बाल दिवस के अवसर पर भारत सरकार के निर्देशानुसार जिले के समस्त शासकीय विद्यालयों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उदबोधन प्रोजेक्टर के माध्यम से सुनाया गया। इसके अतिरिक्त जिला स्तरीय कार्यक्रम में भी ऑनलाईन प्रसारण कर छात्रों एवं अतिथियों के द्वारा सुना गया।

जिला शिक्षा अधिकारी भुवन जैन ने वीर बाल दिवस के महत्ता पर प्रकाश डालते हुए इतिहास के बारे में बताया। गुरूद्वारा से जुड़े हरिन्दर सिंह एवं भवनदीप सिंह ने गुरू गोविंद सिंह एवं उनके पुत्रों के शहादत पर विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर शिक्षा विभाग के अधिकारी, संकुल समन्वयक, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### ये रहे विजेता

इस अवसर पर जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा छात्र-छात्राओं के मध्य निबंध प्रतियोगिता, कविता, पोस्टर प्रदर्शनी एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। पोस्टर प्रदर्शनी प्रतियोगिता में प्रथम साक्षी निषाद कक्षा 11 वीं सेजेश पटौद, वर्षा चंद्राकर सेजेश नरहरदेव कक्षा 12 वीं, तृतीय स्थान शौर्य साहू नरहरदेव विद्यालय की कक्षा 8 वीं रहीं। कविता पाठन प्रतियोगिता में प्रथम गंगेश्वरी नागवंशी, शासकीय उमावि डुमाली कक्षा 9 वीं, द्वितीय गुनगुन ठाकुर सेजेश भानुप्रतापपुर कक्षा 9वीं, तृतीय चंचल सलाम कन्या आश्रम सिंगारभाट कक्षा 10 वीं, तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कावेरी मंडावी 11 वीं शासकीय उमावि ईच्छापुर, तानिया मरकाम सेजेश पटौद कक्षा 12वीं, तृतीय स्थान मनीष सिन्हा कक्षा 12 वीं शासकीय पं.वि.प्र.श. गोविंदपुर एवं निबंध प्रतियोगिता में प्रथम रोमा नाग कक्षा 12वीं शासकीय उमावि सिदेसर, द्वितीय गीतांजली साहू कक्षा 12 वीं सेजेश पटौद, तृतीय स्थान पर मिताली नागवंशी शासकीय उमावि डुमाली कक्षा 11 वीं रहीं।

# 140 पशु सखी एवं कृषि सखियों का दिया गया प्रशिक्षण



**फरसगांव।** छतीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत विकासखण्ड फरसगांव में चयनित कुल 70 पशु सखियों और 70 कृषि सखियों को दो चरणों को प्रशिक्षण दिया गया।

जिसमें सर्वप्रथम 70 पशु सखियों को 19 से 24 दिसम्बर तक सामुदायिक भवन फरसगांव में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जी.एल. चुरेन्द्र के मार्गदर्शन में पशु सखियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिसमें पशु सखियों के कार्य तथा पशुओं का टीकाकरण, पशुओं मे होने वाली बीमारियों के घरेलु उपचार एवं चिकित्सा उपचार की सम्पूर्ण जानकारी बिहान के टीम एवं विकासखण्ड पशु चिकित्सा अधिकारी प्रियंका ठाकुर, सहायक पशु चिक्तिसा अधिकारी डीपी साहू के द्वारा पशु सखियों को 03 दिवस तक पशुओं से सम्बन्धित सम्पूर्ण जानकारी प्रदान किया गया।

जिसके बाद इसी तरह 70 कृषि सखियों का भी दो चरण में 08 से 13 दिसम्बर तक सामुदायिक भवन फरसगांव में प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिसमें कृषि से संबंधित जैविक कृषि, प्राकृतिक कृषि एवं तकनिकी विधि से किये जाने वाले कृषि कार्यों के विषय पर टिकेन्द्र हिरवानी (बी.पी.एम.) कृषि विभाग एवं वाय.पी. के द्वारा कृषि सखियों के कार्य एवं फसलों में होने वाली बिमारी तथा उपचार की जानकारी के साथ जैविक दवाई, कीटनाशक निर्माण एवं उपयोग की जानकारी प्रदान की गई, जिसमें मुख्य रूप से जैविक दवाइयों (निमास्त्र, ब्रम्हास्त्र, अग्नास्त्र, द्रव्य जीवामृत, घनजीवामृत, खट्टा-मट्ठा) जैविक खाद (वर्मी कम्पोस्ट, नाडेप खाद, हरी खाद, अजोला) नये तकनीक से सब्जी एवं धान उत्पादन (मचान विधि, 36'36 मॉडल, श्री विधि, कतार विधि, एवं लाइन विधि) विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

# महंगाई, बेरोजगारी केंद्र सरकार की विफलता, आम जनता की आवाज बनने कांग्रेस की विशाल रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणपुर

- नागपुर में होगा है तैयार हम 2024 का चुनावी आगाज

28 दिसम्बर को नागपुर में कांग्रेस ने विशाल रैली है तैयार है हम, का आयोजन किया है, जिसमें देशभर से कांग्रेस के कार्यकर्ता व राष्ट्रीय नेता भाग लेंगे। इस कार्यक्रम को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रजनू नेताम ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया की भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की 139वां स्थापना दिवस के अवसर पर पूरे प्रदेश सहित जिले से भी सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता इस कार्यक्रम में भाग लेंने नागपुर जाएंगे, आगे उन्होंने बताया कि यहां रैली से 2024 के लोकसभा चुनाव का आगाज है जो देश में सत्ता के परिवर्तन का शंखनाद होगा कांग्रेस पार्टी 1885 से जनता की आवाज बनकर उनके संघर्षों के आवाज़ बनती रही है, आजादी की लड़ाई मे भी कांग्रेस पार्टी ने लड़ा और देश को आजाद कराया है। नवनिर्माण भी कांग्रेस पार्टी ने किया है, आम जनता को लेकर जनसमस्या को लेकर जनता की आवाज़ बने रहेंगे। यही लोकसभा 2024 में बदलाव लाएगा जो जनता की आवाज़ उठाने, है तैयार हम कार्यक्रम सफल होंगी प्रेस कॉन्फ्रेंस में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रवि देवांगन शेख तौहीद अहमद महासचिव जिला कांग्रेस, शहर कांग्रेस. अध्यक्ष रघु मानिकपुरी एवं अन्य कांग्रेस पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# हमारा देश विश्व शक्ति के रूप में तेजी से उभर रहा : वरुण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- ध्वजारोहण कर जैतगिरी में मनाया गया हल्बा समाज का शक्ति दिवस



आदिवासी हल्बा समाज 18 गढ़ महासभा कोटपाड़ गढ़ के अंतर्गत पालीग्राम जैतगिरी में हर्षोल्लास के साथ शक्ति दिवस मनाया गया।

समाज की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी की पूजा अर्चना कर ध्वजारोहण किया गया एवं हल्बा समाज के वीर शहीद शिरोमणि गैंदसिंह के शहादत व उनके योगदान को याद किया गया।

समाज के युवा प्रकोष्ठ के कोटपाड़ गढ़ अध्यक्ष वरुण साहनी ने सभी सगा बिरादर को संबोधित करते हुए इतिहास में जनहित के लिए हल्बा समाज एवं समाज के वीरों के द्वारा दिए गए योगदान को याद किया एवं कहा कि आज हमारा देश विश्व शक्ति के रूप में तेजी से उभर रहा है। आज हम सभी समाज के युवाओं का जिम्मेदारी है कि हम यह सभी अपना योगदान निश्चित करे और विभिन्न कार्यक्षेत्रों में अपना कीर्तिमान स्थापित करें। हल्बा आदिवासी समाज के द्वारा प्रतिवर्ष 26 दिसंबर को अखिल भारतीय स्तर के पांचों महासभा एक महामंच पर एक विशाल शक्ति के रूप में शक्ति दिवस धूमधाम से मनाया जाता है, समाज के ऐसे कार्यक्रमों से सभ्यता, संस्कृति का बोध होता है, हमारा समाज स्वभाव से सरल व अपने में आदर्श होते हैं, जिसके चलते आदिवासी हल्बा समाज अपने स्वच्छ विचारों पर चलने वाली समाज है।

इस दौरान लक्ष्मण भोयर, फरसूराम भोयर, हीरासिंह भोयर, मुनीम साहनी, लेबोराम मांझी, प्रेम देहारी, प्रवीण भोयर, अनंत भोयर, पीलाबाई साहनी, अनिता साहनी एवं बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

# खदानें तो बंद नहीं हुईं उल्टे बढ़ गए रेत के दाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



माइनिंग की कार्रवाई से अवैध रेत खदानें तो बंद नहीं हुई लेकिन रेत के दाम जरूर बढ़ गए हैं। इन खदानों में रेत निकासी के लिए 300-500 रुपए प्रति ट्रैक्टर वसूला जा रहा है। मटेरियल सप्लायरों ने रेत के दाम में 300 से 400 रुपए की बढ़ोतरी कर दी है। इस गड़बड़ी का सीधा-सीधा असर भवन निर्माण कर रहे लोगों पर पड़ रहा है।

प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद माइनिंग विभाग एक्टिव हो गया है। खदान चलाने वालों की बैठक लेकर अवैध खदानों को बंद करने के निर्देश दिए थे लेकिन इन खदानों में ट्रैक्टरों से उत्खनन बंद नहीं हुआ। माइनिंग विभाग और आरटीओ ने कुछ गाड़ियों पर कार्रवाई भी की। इसका असर यह देखने को मिला कि अवैध खदानों में रेत निकासी महंगी कर दी गई। जानकारी के अनुसार अछोटा, तेंदूकोना और अमेठी रेत खदान में मीडियम रेत की निकासी 300 रूपए और प्लास्टर रेत की निकासी के लिए 500 रुपए वसूला जा रहा है।

पहले मीडियम रेत के लिए 150 रुपए और प्लास्टर रेत के लिए 300 रुपए वसूले जा रहे थे। खदानों में ही दो गुना ज्यादा राशि वसूले जाने पर मटेरियल सप्लायरों ने भी रेत के दाम बढ़ा दिए हैं। शहर में मीडियम रेत 900-1000 रुपए में बिक रही थी। अब वह 1200 रुपए तक हो गई है। ऐसे में भवन निर्माण कर रहे लोगों को प्रति ट्रैक्टर 300 रुपए तक अतिरिक्त देना पड़ रहा है। महानदी के तट पर बसे होने के बाद भी भवन निर्माताओं को रेत महंगे दाम में खरीदनी पड़ रही है।

### हाइवा में भी महंगाई

कार्रवाई के बाद हाइवा में नदी लोडिंग बंद कर दी गई है। अब डंपिंग से रेत लोडिंग दी जा रही है। लोडिंग चार्ज भी काफी महंगा लिया जा रहा है। जानकारी के अनुसार पहले 500 फीट हाइवा से 3000 हजार रुपए लोडिंग ली जा रही थी, जिसे बढ़ाकर 5000 रुपए कर दी गई है। इसके अतिरिक्त पिटपास के लिए भी 3000 से 4000 रुपए शुल्क पटाना पड़ रहा है। डीजल और भाड़ा जोड़कर 3000 हजार रुपए खर्च आता है। ऐसे में भवन निर्माताओं को एक हाइवा रेत 10000 रुपए से ज्यादा पड़ रहा है।

### कोई खदान वैध नहीं

जिले में 4 खदान बारना, सोनेवारा, सेमरा बी, परेवाडीह खदान को वैध बताया गया था। अब इन खदानों को बंद कर दिया गया है। जिन खदानों से ट्रैक्टरों से निकासी हो रही है, वे खदानें तो पूरी तरह से अवैध हैं, इसके बाद भी यहां से निकासी पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

# कोविड की तैयारियों को लेकर शासकीय अस्पतालों में हुआ मॉकड्रिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



देश व प्रदेश में कोरोना वायरस के बढ़ते खतरे को देखते हुए जिला अस्पताल सहित जिले के सभी सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में कोविड की तैयारियों को लेकर मॉकड्रिल किया गया। वहीं जिन स्वास्थ्य केंद्रों में उपकरण व प्लांट क्रियाशील नहीं है, उसे तत्काल सुधारवाने निर्देशित किया गया।

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में बीते शुक्रवार को कोविड 19 की तैयारियों एवं अन्य मुद्दों के संबंध में समीक्षा बैठक व वीडियां कांफ्रेसिंग आयोजित की गई थी। जिसमें कोरोना गाइडलाइन का पालन, जांच, उपचार के लिए किट्स व दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया था।

इस संबंध में जिला प्रशासन के निर्देश पर सीएमएचओ डा.एसके मंडल, सर्विलेंस अधिकारी डा.यूएल कौशिक, डीपीएम डा.प्रिया कंवर के मार्गदर्शन में जिला अस्पताल व जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में कोविड मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। इस मॉकड्रिल में संबंधित अधिकारियों द्वारा जिला अस्पताल, सिविल अस्पताल कुरूद, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भखारा एवं गुजरा में कोविड मॉकड्रिल किया गया।

### सूत्रों को रंगोली के माध्यम से बना कर किया प्रदर्शित

**गीदम।** सरस्वती शिशु मंदिर दंतेवाड़ा में महान गणितज्ञ रामानुज की जयंती धूमधाम से मनाई गई। विद्यालय में श्रीरामानुज को याद करते हुए उनके दिये सूत्रों को रंगोली के माध्यम से बनाकर अभिभावकों के सामने प्रदर्शित किया। साथ ही बच्चो के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

पेज 9 के शेष...

### टैंकर घोटाले में ...

झिटकाटोला, चिहरो, दमकसा, सिहारी, खूटगांव, सुखई, पाउरखेड़ा, हामतवाही, पचांगी, कराकी, ओटेकसा, करकापाल, चिखली, कोड़ेकुर्से, गुड़फेर में टेंकर नहीं पहुँचा है जबकि 3 ग्राम पंचायत मंगहूर, बरहेली, राउरवाही में टेंकर पहुँच गया है। दोनो विकासखंड के 33 ग्राम पंचायत में टेंकर नहीं पहुँचा है, यहां पर एजेंसी ताहा इंटरप्राइजेस केशकाल जिला कोंडागांव को बनाया गया था। जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर के सीईओ आरएस भास्कर के द्वारा इस एजेंसी को 23 मई 2023 को चेक क्रमांक 009064 के माध्यम से 25 लाख 50 हजार रूपएं अग्रिम जारी किया गया था, वहीं जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल के सीईओ डिप्टी कलेक्टर सरोज कुमार महिलांगे द्वारा इसी एजेंसी को 5 जून 2023 को 20 लाख रूपएं अग्रिम भुगतान किया गया था।

### भाजपाइयों ने वीर...

विजय लखवानी, सतीश श्रीवास्तव, अरविंद जैन, संकेत नसीने, राजू श्रीवास, रोशन मिश्रा, गुरपाल रंधावा आदि उपस्थित रहे।

### शहीद गैंद सिंह...

भाषण में हिस्सा लिया। भाषण में सतीमा ठाकुर किशनपुरी प्रथम, डांस में डिंपल गावर परसोदा प्रथम एवं नेहा पिद्दा पदमपुर प्रथम स्थान पर रही। समाज के सर्किल अध्यक्ष इंद्रा कुमार, उपाध्यक्ष छोटे लाल बर्मन, रोशन पिद्धा, कृष्णा कुमार, सोमनाथ बारल, नीता, दुर्गा प्रसाद रावते, जयंती बाई, टीआर गावर, रामाधीन सेवता, फूलचंद उसेंडी, बिसम्बर साहू, आत्माराम नाग, उमेश नाग व सामाजिकजन उपस्थित रहे।

# तीन गांजा तस्करों को 10-10 साल सजा और एक-एक लाख का अर्थदण्ड





**फरसगगांव।** अवैध गांजा की तस्करी करते पकड़ाए तीन गांजा तस्करों को कोण्डागांव न्यायालय ने 10-10 साल की सजा सुनाने के साथ एक एक लाख रुपये का अर्थदंड से दण्डित किया है। इस प्रकरण में शासन की ओर से प्रभा मिश्रा, विशेष लोक अभियोजक ने पैरवी की।

13 जुलाई 2019 को मुखबिर की सूचना पर फ़रसगांव पुलिस ने थाने के सामने जगदलपुर से रायपुर की ओर जा रही एक गोल्डन रंग की होण्डा सिटी कार यूपी 70 डीजेड 5169 को रोककर तलाशी के दौरान कार में रखे अवैध गांजा बरामद किया, कार में बैठे राजू सोनकर पिता झब्बर सोनकर (22), निवासी भीमापुर (उ.प्र.), दिलीप आदिवासी उर्फ राहुल पिता रामलखन आदिवासी (22), निवासी विसम्भरपुर नेवादा (उ.प्र.), मनोजा सिंह पति ज्ञानसिंह (33), निवासी-औता महावीर (उ.प्र.) के द्वारा कार में अवैध गांजा को छिपाकर उत्तरप्रदेश ले जा रहे थे।

पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर उनके पास से 52.151 किलोग्राम अवैध गांजा को जब्त कर तीनो आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया गया। आरोपीगण के विरुद्ध अपराध क्र. 57/2019 धारा 20(ख)2(ग) एनडीपीएस एक्ट का प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज किया। आरोपी के विरुद्ध चालानी कार्यवाही योग्य पर्याप्त साक्ष्य पाये जाने से अभियोग पत्र तैयार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

### न्यायालय ने सुनाई सजा

कोण्डागांव जिले के विषेश सत्र न्यायाधीश (एनडीपीएस एक्ट) कोण्डागांव के न्यायाधीश उत्तरा कुमार कश्यप ने प्रकरण का विचारण कर आरोपीगण को धारा 20 (बी) (2-सी) स्वापक औषधी एवं मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम के आरोप में दस-दस वर्ष के सश्रम करावास एवं एक-एक लाख रुपये का अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। अर्थदण्ड की राशि अदा होने के व्यतिक्रम पर 01-01 वर्ष का अतिरिक्त सश्रम कारावास पृथक से भुगताये जाने का आदेश पारित किया गया है।

# मसीह समाज ने मनाया क्रिसमस का पर्व खुशियां बांटकर एक दूसरे को दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव



25 दिसम्बर सोमवार को मसीह समुदाय के लोगों ने क्रिसमस के पर्व को फरसगांव नगर में धूमधाम के साथ मनाया गया। लोगों ने एक दूसरे को हैप्पी क्रिसमस बोलकर खुशियां बांटी और बधाई दी। वहीं केशकाल विधायक नीलकण्ठ टेकाम भी क्रिसमस पर्व में शामिल होकर समुदाय के लोगों को बधाई शुभकामनायें दिए।

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी फ़रसगांव नगर के नवीन कॉलोनी में स्थित क्राईस्ट प्रेयर इम्मानुएल चर्च में पासवान एवम समस्त कलीसिया के द्वारा क्रिसमस पर्व को मनाया गया। चर्च में पासवान संतोष, राधे लाल नेताम, राधे श्रीवास, सोमनाथ मरकाम, गयाप्रसाद बैध, जयराम वीके, भूपेंद्र, पवन साहू, बालसिंग मरकाम, सौरव, संतोष, रामकुमार, बलदेव, शिव, धीरज सागर सहित समस्त कलीसिया के द्वारा एकत्रित होकर विशेष प्रार्थना के माध्यम से प्रभु के सन्देशों का पाठ किया।

इसी तरह नगर के गांधी चौक में प्रवीण राव के घर उनके परिवार और मसीह समुदाय के लोगो ने भी धूमधाम के साथ क्रिसमस पर्व को मनाया गया। समाज के निमत्रंण पर केशकाल विधायक नीलकण्ठ टेकाम भी क्रिसमस पर्व में शामिल हुए उनके द्वारा केक काट गया और उपस्तिथ सभी ईसाइयों को क्रिसमस पर्व की बधाई दी गई। उपस्थित जनों को बाइबल में दिए गए प्रभु के संदेश और उनके वचन को पढ़ कर आत्मसात की कसम खाई। नगर के ईसाई समुदाय के अध्यक्ष प्रवीण राव ने बताया कि प्रभु यीशु मसीह ने समाज में हमेशा ही मानवता को प्रथम महत्व देने का संदेश दिया है।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय सेमीनार में पहुंचे आलोक दुबे



**जगदलपुर।** दिल्ली में हाल ही में उपभोक्ता दिवस पर खाद्य विभाग भारत सरकार द्वारा आयोजित एक राष्ट्रीय स्तर का सेमीनार में जिला उपभोक्ता आयोग के सदस्य एवं अधिवक्ता आलोक कुमार दुबे बस्तर संभाग का प्रतिनिधित्व किया।

### शक्तिपीठ के वार्षिक उत्सव पर सामूहिक मंत्र जाप



**जगदलपुर।** धरमपूरा मार्ग स्थित गायत्री शक्ति पीठ अपना 43 वां वार्षिक उत्सव मना रहा है। दो दिवसीय इस आयोजम के पहले दिन सामूहिक मंत्र जाप किया गया। यह मंत्र जाप सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक जारी रहा। इसमें परिजन और अन्य श्रद्धालु मंत्र जाप करने जुटे रहे, गुरुवार को समापन पर हवन, आरती और प्रसाद वितरण होगा।

### सक्षम ने एसडीएम व तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**जगदलपुर।** सक्षम ने कंगोली डंप यार्ड में नगर निगम की लापरवाही की वजह से गौ-वंश कर रहे हैं। मवेशियों के प्लास्टिक का सेवन उनकी की सुरक्षा हेतु डंपिंग यार्ड में सोमवार तक बॉउंड्री का कार्य प्रारंभ किए जाने को लेकर निगम आयुक्त, एसडीएम, तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। सक्षम नगर अध्यक्ष सुनील कुमार नत्थानी ने बताया कि कंगोली में पल्ली नाका के पास कुछ ही दूरी में नया कचरा डंप यार्ड बनाया गया है, जो चारो तरफ से खुला हुआ है, जिससे गौ-वंशों की सुरक्षा की दृस्टि से बहुत ही घातक है। डंप यार्ड के आसपास दिन भर सैकड़ों गौ वंश विचरण करते रहते है और डंप यार्ड मे पड़े पॉलीथिन को खा जाते हैं, मवेशियों के स्वस्थ के लिए हानिकारक और उनकी मौत का कारण बन सकता है। निगम को चेतावनी देते हुए सक्षम ने डंप यार्ड में कचरा फेंकना रुकवा कर सर्वप्रथम बॉउंड्री की व्यवस्था करवाई जाने की बात कही, जिससे गौवंश यार्ड में प्रवेश ना कर सके और हानिकारक पदार्थों का सेवन ना कर सकें।

### साहबजादों के कठोर बलिदान को जाने पूरा देश : किरण

# इतिहास के रियल लाइफ नायकों का बच्चे लें प्रेरणा : केदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



वीर बाल दिवस के अवसर पर मंगलवार को शहर के श्यामा प्रसाद मुखर्जी टाउन हॉल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री कश्यप ने कहा कि देश के महान सपूतों को नमन, जो धर्म के लिए मुगलों के सामने नहीं झुके। धर्म के लिए अपने

- पहली बार वीर बाल दिवस पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन,जुटी भीड़

प्राणों की आहुति देने वालों साहबजादों की याद में प्रधानमंत्री मोदी की पहल पर पूरा देश वीर बाल दिवस मना रहा है। देश, संस्कृति के लिए सब कुछ न्यौछावर करने वालों इन वीर रियल लाईफ नायकों का वर्तमान के बच्चे प्रेरणा लें। कश्यप ने कहा हमे बचपन मे कभी भी इस महत्वपूर्ण दिवस के विषय मे न पढ़ाया गया औ न ही इतिहास के किसी पुस्तक में इसका उल्लेख मिलता है। हम तो एक ही बाल दिवस से परिचित थे,लेकिन हमारे प्राधनमंत्री ने देश के ऐसे बलिदानी महापुरुषों और वीर बच्चों की सुध ली। हमे अपने प्रधानमंत्री पर गर्व है। मैं शिक्षा विभाग को अपना सुझाव देता हूं,कि पाठ्य पुस्तक में इन वीर बलिदानी बाल का विषय सम्मलित करे,ताकि नई पीढ़ी को इसकी जानकारी मिल सके।

कार्यक्रम में विधायक किरण देव ने साहबजादों की शहादत को नमन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इनके शहादत को सम्मान देने के लिए वीर बाल दिवस आयोजित करने को घोषणा की थी आम जनों को साहबजादों के कठोर बलिदान को पुरे देश को पता होना चाहिए। वर्तमान समय और आधुनिक संसाधनों के युग में स्कूली बच्चों को इन वीर सपूतों को याद रखना चाहिए।

कलेक्टर विजय दयाराम के. ने स्वागत उद्बोधन में वीर बाल दिवस के आयोजन के संबंध में जानकारी दी और बताया कि गुरू गोविंद सिंह के चार पुत्र बाबा अजीत सिंह, बाबा जुझार सिंह, बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह ने मुगलों के खिलाफ अपने क्षेत्र, संस्कृति, धर्म के लिए लड़ते हुए अपनी प्राणों की आहुति दी। सरकार ने इन वीरों की याद में 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। इस दौरान विधायक चित्रकोट विनायक गोयल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीराम नाग, नेता प्रतिपक्ष संजय पांडे, रूपसिंग मण्डावी, योगेंद पांडे, रामाश्रय सिंह, श्रीनिवास राव मद्दी, वेदप्रकाश पांडे, नरसिंग राव,रजनीश पाणीग्राही, सुरेश गुप्ता संग्राम सिंह राणा, मनोज पटेल, सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे, नगर निगम आयुक्त हरेश मंडावी, जिला शिक्षा अधिकारी भारती प्रधान सहित अन्य गणमान्य नागरिक व स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

#### सिख समाज के प्रतिनिधि ने दी जानकारी

कार्यक्रम में सिख सम्प्रदाय के प्रतिनिधि प्रवीर सिंह ने भारत सरकार द्वारा सिख संप्रदाय के दसवें गुरू गुरू गोविन्द सिंह के पुत्रों द्वारा देश की संस्कृति, धर्म की रक्षा में अपनी शहादत दी, उन्होंने प्रतिवर्ष वीर बाल दिवस मनाने के लिए आभार व्यक्त किया। साथ ही सभी गुरुओं के द्वारा इंसानियत के लिए किए कार्यों का भी वर्णन किया।

#### प्रधानमंत्री के संदेश किया प्रसारित

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अभिभाषण का प्रदर्शन किया गया। साथ ही वीर बाल साहबजादों से संबंधित वीडियो फिल्म और फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि पिछले वर्ष जनवरी में गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व पर प्रधानमंत्री ने प्रतिवर्ष 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाने की घोषणा की थी। इस दिवस को मनाने के लिए सरकार नागरिकों, विशेषकर छोटे बच्चों को साहबजादों के अदम्य साहस की कहानी से अवगत कराने और शिक्षित करने के लिए पूरे देश में सहभागी कार्यक्रम आयोजित कर रही है। गौरतलब है कि देश में हर साल 26 दिसम्बर को गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों के सर्वोच्च बलिदान और साहस की स्मृति में वीर बाल दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य युवाओं, किशोरों, देश वासियों, महिलाओं में राष्ट्र निर्माण के लिए योगदान एवं मूल्यों को स्थापित और सुदृढ़ बनाना है।

### स्वागत...



**जगदलपुर।** प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद पहली बार जगदलपुर पहुंचे स्थानीय विधायक किरण देव से मिलने नगरवासियों का तांता उनके निवास में लगा हुआ है। वरिष्ठ भाजपाई अनिल लुंकड़ एवं बिल्डर अशोक लुंकड़ ने भी मंगलवार को उन्हें हनुमान जी की मूर्ति भेंट की।

## सुशासन दिवस में सम्मिलित हुए केबिनेट मंत्री केदार



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर/भानपुरी

भारत के पुर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेई के जयंती को भारतीय जनता पार्टी सुशासन दिवस के रूप में मना रहा हैं, इसी तारतम्य में भाजपा मंडल भानपुरी द्वारा ग्राम पंचायत करंदोला में आयोजित सुशासन दिवस कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के के मंत्री केदार कश्यप सम्मिलित होकर अटल जी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वेदवती कश्यप, निर्देश दिवान, मंडल अध्यक्ष संतोष बघेल सहित भाजपा कार्यकर्त्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें।

## हल्बा, हल्बी आदिवासी समाज का मना शक्ति दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



अखिल भारतीय हल्बा, हल्बी आदिवासी समाज अधिकारी एवं कर्मचारी प्रकोष्ठ की ओर से मंगलवार को शक्ति दिवस का आयोजन कालीपुर में किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संभाग के कमिश्नर श्याम धावड़े, समाज के अध्यक्ष टीआर रात्रे एवं विशिष्ट अतिथि विशेष अतिथि लोक निर्माण विभाग जगदलपुर क्षेत्र के मुख्य अभियंता जीआर रावटे के सानिध्य में सामाजिक ध्वजारोहण किया गया और मां दंतेश्वरी की पूजा अर्चना किया गया। उसके बाद खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया। साथ ही दसवीं, बारहवीं के प्रथम, द्वितीय एवं एमबीबीएस में चयनित बच्चों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भी श्रीफल से सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि समाज के संस्कृति पर प्रकाश डाला, समाज को बेहतर एवं प्रगतिशील करने की बात कही। कार्यक्रम में समाज के अध्यक्ष डॉ. टीआर रात्रे, सचिव केआर रात्रे, डॉ. केके नाग, केजू ठाकुर, आनंद खरे, एमआर राणो, एके बलेन्द्र, डीपी बलेन्द्र, गेंदलाल कोकिला, जीआर ठाकुर, मंगल सिंग ठाकुर, ओपी चंदेल, एमडी मसिया, डीडी सिंग, गिरवर सिंह रावटे, एसडी गोयल, मदल ठाकुर, संदीप तारम, लोमेश कुमार बारला, श्रीमती अनिता रात्रे, ममता खरे, तनुजा पात्र, सुलोचना भुआर्य, अंजु रावटे, खिलेश्वर उर्वशा, कंचन रावटे, उर्वशी बर्सेल आदि शामिल रहे।

## देश के विकास से जुड़े निर्णयों में डेटा की अहम भूमिका: कुलपति

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर के कंप्यूटर अनुप्रयोग अध्ययनशाला ने शुक्रवार को विकसित भारत 2047 और नेशनल मैथेमेटिक्स डे पर डाटा एनलिटिक्स फॉर नेशनल डेवलपमेंट विषय पर एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रोफेसर डॉ

- विश्वविद्यालय के कंप्यूटर अनुप्रयोग अध्ययनशाला ने नेशनल मैथेमेटिक्स डे और विकसित भारत पर व्याख्यान का आयोजन

मनोज कुमार श्रीवास्तव ने की। विशिष्ट अतिथि कुलसचिव अभिषेक कुमार बाजपेयी थे। कार्यक्रम के संयोजक विभागाध्यक्ष डॉ विनोद कुमार सोनी थे। मुख्य वक्ता के रूप में लखनऊ विश्वविद्यालय के सांख्यिकी विभाग के प्रोफेसर डॉ मसूद एच सिद्धकी और डॉ. विवेक कुमार गुप्ता विभागाध्यक्ष कंप्यूटर अनुप्रयोग विभाग, साईं बाबा आदर्श महाविद्यालय अंबिकापुर वर्चुअली जुड़े रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय के डॉ रवि द्विवेदी की लिखित किताब हिस्ट्री ऑफ मैथेमेटिसियंस का विमोचन उपस्थित अतिथियों के द्वारा किया गया। संबोधन के क्रम में कुलपति प्रोफेसर मनोज कुमार श्रीवास्तव ने डाटा एनालिटिक्स के बारे में बताते हुए कहा कि देश के विकास में डाटा का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि देश के विकास से जुड़े निर्णयों में डेटा की अहम भूमिका है। प्रोफेसर डॉ श्रीवास्तव ने कहा कि आज बीमारी का पता भी डेटा से लग रहा है। उसका इलाज भी इसके आधार पर हो जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज विज्ञापनों में भी डेटा का इस्तेमाल हो रहा है। नेशनल प्लानिंग में भी डेटा की उपयोगिता है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ मसूद एच सिद्धिकी ने डाटा एनालिटिक्स फॉर नेशनल डेवपलमेंट विषय पर पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से छात्रों को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस तरह से आज डाटा मानव जीवन को बदल रहा है। उन्होंने आर्टिफियल इंटेलीजेंस से लेकर अन्य महत्वपूर्ण कामों में डाटा की उपयोगिता के बारे में बताया। इसी क्रम में डॉ विवेक कुमार गुप्ता ने नेशनल डाटा एंड एनालिटिक्स प्लेटफॉर्म पर छात्रों को जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से चीफ प्रॉक्टर प्रोफेसर डॉ. शरद नेमा, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ आनंद मूर्ति मिश्रा, कार्यक्रम क सहसंयोजक सुश्री पल्लवी सिंह, श्री दुर्गेश केसर, डॉ. नीलेश तिवारी, केशव तिवारी समेत अलग-अलग विभागों के प्राध्यापक और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन रूरल टेक्नॉलजी विभाग के अतिथि व्याख्याता दिलेश जोशी ने किया।

## भानपुरी में प्रारम्भ हुआ प्रांतीय एकलव्य खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज : भानपुरी/जगदलपुर

वनवासी विकास समिति छग के तत्वाधान में भानपुरी में सोमवार को दो दिवसीय प्रांतीय एकलव्य खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। वनवासी विकास समिति के द्वारा प्रतिवर्ष प्रदेश की जनजातीय क्षेत्रों में खेलखुद का आयोजन कर ग्रामीण क्षेत्रों प्रतिभाओं का उभारकर लता हैं। इस दौरान मंत्री बनने के बाद पहली बार सार्वजनिक कार्यक्रम में सम्मिलित हुए मुख्य अतिथि मंत्री केदार कश्यप ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा की वनवासी विकास समिति का यह कार्य बहुत नेक हैं। एकलव्य खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लिए छात्र और प्रतिभागियों के जीवन में खेल प्रतिभा और जीवन में अनुशासन सीखने का बहुत अच्छी जगह हैं। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कशयप, निर्देश दीवान सदस्य जिप, प्रांत सचिव अक्षयवर नाथ साई, प्रांत खेल खुद प्रमुख मगेन मंडावी, सह खेल खुद प्रमुख रामचंद्र मरावी, भूषण गुप्ता जनपद सदस्य, संतोष बघेल,विजय तिवारी, जिला समिति के कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## भाजपा पार्षद दल और नगर मंडल ने किया प्रदेश अध्यक्ष किरण व कैबिनेट मंत्री केदार का स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

रविवार को नगर के स्टेट बैंक चौक के पास भाजपा पार्षद दल और नगर मंडल के प्रतिनिधियों ने प्रदेश अध्यक्ष किरण देव और कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप का गर्मजोशी से स्वागत किया। वहीं महिला पार्षदों के द्वारा रंगोली बनाया गया, जो आकर्षण का केंद्र था। इस दौरान पारंपरिक वेशभूषा माड़ीया सिंग पहनाकर, स्मृति चिह्न, बड़े गजमाला के साथ उनका स्वागत किया गया। इस दौरान प्रदेश प्रवक्ता और नेता प्रतिपक्ष संजय पांडेय, नगर मंडल अध्यक्ष सुरेश गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे।

### प्याज 40 व मटर 50 रुपए किलो में बिका

**जगदलपुर।** शहर के साप्ताहिक बाजार इस रविवार को प्याज 40 एवं मटर 50 रुपए किलो बिका। प्याज महंगा होने से गृहणियों का बजट प्रभावित हो रहा है, प्याज की आपूर्ति मुख्य रूप से महाराष्ट्र नासिक, अहमदानगर और इंदौर से हो रही है। टमाटर 20, फूलगोभी 50, पत्तागोभी 40, हरी मिर्च 60, भिंडी 100, भट्टा 50, करेला 100, बरबटी 60, आलू 25 रुपए, अदरक 180, लहसून 180 रुपए किलो, लालभाजी, पालकभाजी एवं मैथी 20 रूपए में 8 जूड़ी बिकी।

## वीर बाल दिवस पर सिख समाज ने निकाली शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

मंगलवार को वीर बाल दिवस के मौके पर शहर में सिख समाज ने चार साहिबज़ादो के सम्मान में शोभायात्रा निकाली। जिसमे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण सिंग देव सम्मलित हुए।

शोभायात्रा गुरुद्वारे से प्रारम्भ होकर शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए वापस गुरुद्वारा पहुंचा। इस दौरान सिख समाज के बड़ी संख्या में महिला,पुरुष,युवक-युवतियां और छोटे-छोटे बच्चे सम्मलित हुए। शोभायात्रा का विभिन्न संघ-संघटनो से पुष्प वर्षा से जगह-जगह स्वागत किया।

### शौचालय की हो रही ग्रेडिंग

**गीदम।** भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छ शौचालय कैंपेन के तहत नगर पंचायत बारसूर के अंतर्गत सभी सार्वजनिक/सामुदयिक शौचालय का एनयूएलएम के स्व सहायता समूह द्वारा शासन द्वारा तय किये गए मानको के आधार पर निकाय के सभी शौचालय के बेहतर रख रखाव, मूल भूत सुविधाओ एवं साफ सफाई का ध्यान रखते हुए ग्रेडिंग किया जा रहा है।

### सूत्रों को रंगोली के माध्यम से बना कर किया प्रदर्शित

**गीदम।** सरस्वती शिशु मंदिर दंतेवाड़ा में महान गणितज्ञ रामानुज की जयंती धूमधाम से मनाई गई। विद्यालय में श्रीरामानुज को याद करते हुए उनके दिये सूत्रों को रंगोली के माध्यम से बनाकर अभिभावकों के सामने प्रदर्शित किया। साथ ही बच्चो के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

घर बैठे लोन पायें
• LOW INTEREST RATE •
बिजनेस लोन | पर्सनल लोन | होम लोन | कार लोन | मॉर्गेज लोन
LOW PROCESSING FEE
कारगिल चौक, सुन्दर नगर, रायपुर (छ.ग.), मो. 9343916614
ITR फाईल करने का अंतिम अवसर 31 दिसम्बर तक
लोन लेने के लिए आज ही ITR बनवायें
मात्र- 499/-
ITR GST

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
9406004581
7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

**खबर संक्षेप**



## नव निर्वाचित विधायक सावित्री मनोज मंडावी का लोहत्तर में हुआ स्वागत

**दुर्गुकोंदल।** निर्वाचित विधायक सावित्री मनोज मंडावी का पहली बार लोहत्तर आगमन पर क्षेत्रवासियों ने भव्य स्वागत किया। ग्राम लोहत्तर में तीन दिवसीय रामायण सम्मेलन कार्यक्रम के समापन समारोह में शामिल हुई। विधायक को ग्रामवासियों ने रिकार्ड मतों से विजयी होने पर आत्मीय बधाई दिया है। विधायक ने कहा कि हमेशा से ही आप लोगो का स्व. मनोज मंडावी को आशीर्वाद मिलता रहा है और उप चुनाव के बाद अब इस चुनाव में भी आप सब का ऐतिहासिक सहयोग मिला है। रंग मंच भवन सिलपट, देवगुड़ी भवन सिलपट, रंग मंच मोहगांव, खाद्यान गोदाम लोहत्तर के भवनों का लोकार्पण भी विधायक के द्वारा किया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से सुनील बबला पाढ़ी, ढाल सिंह पात्र, अमिता उइके, बसंती भालेश्वर, सुना राम तेता, भीखम देहारी, नीरज कोसमा, कन्हैया पात्र, अहिल्या बाई पात्र, सुधन बालेश्वर, पुरूषोत्तम देहारी, नरेश पोटाई, ठाकुर राम चुरेंद्र व पूरे ग्रामवाशी उपस्थित रहे।

## लोहत्तर में विवान स्मृति कप का हुआ शुभारंभ



**दुर्गुकोंदल।** पॉवर क्रिकेट क्लब लोहत्तर के तत्वाधान में 24 दिसंबर को विवान स्मृति कप प्रतियोगीता का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि अपर कलेक्टरदिनेश कुमार नाग द्वारा टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया। क्लब के मीडिया प्रभारी दिनेश ठाकुर ने बताया कि प्रत्येक दिवस कुल 6 मैच का आयोजन किया जाएगा। प्रथम दिवस संबलपुर और कोकड़े तथा द्वितीय दिवस भावसा और सुरटोला टीम ने 2-2 मैच जीतकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। प्रतियोगिता का क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल मैच 28 दिसंबर तथा फाइनल मैच 29 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। शुभारंभ अवसर पर विशिष्ट अतिथि लोहत्तर सरपंच बसंती भालेशवर, जाड़ेकुर्से सरपंच शांतिलाल जाड़े, शाउमा विद्यालय लोहत्तर प्राचार्य एसएस नेगी, प्राथमिक लघु वनोपज समिति प्रबंधक उमेंद्र पुरामे, ग्राम गायता, पूर्व सरपंच भीखम देहारी, क्लब के अध्यक्ष रितेश कुमार नाग, उपाध्यक्ष डुजान ठाकुर, कोषाध्यक्ष प्रवीण दुग्गा, सचिव नीरज कोसमा, सहसचिव पूरन देहारी, कमेंट्रेटर तेजप्रताप आमले, स्कोरर सुभाष गढ़िया, कप्तान मुकेश कोमरा, उपकप्तान रविन्द्र भालेशवर, फूलचंद बढ़ाई, अजीत नायक एवं समस्त सदस्य उपस्थित रहे।

# हल्बा समाज ने मनाया शक्ति दिवस, मांगों को करेंगे पूरा : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| धनेलीकन्हार

**लोगों से प्रस्ताव बनाकर देने कहा**





अखिल भारतीय हल्बा हल्बी समाज धनेलीकन्हार के द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शक्ति दिवस का पर्व मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक आशाराम नेताम उपस्थित रहें। समाज ने अपने इष्टमदेवी मां दतेश्वरी की पूजा-अर्चना कर कलश यात्रा निकाली। कलश पूरे ग्राम का भ्रमण कर वापस समाजिक भवन पहुंची। अतिथियों का स्वागत गाजे बाजे का साथ करते हुए सामाजिक भवन कार्यक्रम स्थल पर लाया गया, जहां पर समाजिक पदाधिकारियों ने अतिथियों का स्वागत किया। विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि दो महीने पहले आपके ग्राम में आकर आशीर्वाद स्वरूप वोट देने की मांग किया था। आप लोगों ने मुझे भरपूर आशीर्वाद दिया, फलस्वरूप आज आपके बीच विधायक के रुप में यहां पर उपस्थित हूं। समाज का नियम है जो मांगता है उसे देना भी पड़ता है। आपने वोट देकर अपना कर्तव्य पूरा किया है, मैं आपकी मांगों को जरुर पूरा करूंगा, इसके लिए आपको प्रस्ताव बना कर देना होगा। कार्यक्रम के दौरान विशिष्ट अतिथि जिला निर्माण समिति अध्यक्ष व भाजपा मंडल अध्यक्ष पंचुराम नायक, धनेलीकन्हार मंडल महामंत्री लोकेश्वर सेन, डाकेश साहू, समाज के ब्लाक अध्यक्ष परसुराम भोयर, बिरेन्द्र मारगिया, गजेन्द्र पोटाई, कृष्णा साहू, रमेश साहू, अमर सींग बढ़ई, खेमलाल साहू, वेद कुमार, नम्मु राम, मनसाराम साहू, सुमित्रा पोटाई, नकछेडिन बाई, सुखयारिन लाटीया, सष्मिता सार्वा, प्रेम कोमरा, गीता ओरसा, सुकाल फरदिया, खेमलाल नायक संहित समाजिक जन उपस्थित रहे।

**सियासत : लोकसभा चुनाव 2024 का आगाज और शक्ति प्रदर्शन के रूप में देखा जा रहा**

# कांग्रेस हैं तैयार हम की थीम पर नागपुर में निकालेगी रैली, 500 कांग्रेसी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला मुख्यालय में कांग्रेस कमेटी द्वारा पत्रकार वार्ता का आयोजन 26 दिसंबर को राजीव भवन में किया गया। मुख्य वक्ता पूर्व विधायक शिशुपाल शोरी ने नागपुर की रैली के बारे में कहा कि हम तैयार है की थीम पर रैली होगी, जो लोकसभा चुनाव का शंखनाद होगा। मुख्य वक्ता पूर्व विधायक शिशुपाल शोरी ने कहा कि वर्ष 1880 में एक विचारधारा को लेकर कांग्रेस का गठन किया गया। देश की सबसे पुरानी राजनीतिक दल कांग्रेस का 138 वर्ष पूर्ण होने पर 28 दिसंबर को कांग्रेस स्थापना दिवस पर नागपुर में बड़ी रैली आयोजित की जा रही है। 28 दिसम्बर का दिन इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि इस दिन अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ स्वतंत्रता आंदोलन के लिए बुनियाद रखी गई। नागपुर में आयोजित कांग्रेस की रैली लोकसभा चुनाव 2024 का आगाज और शक्ति प्रदर्शन के रूप में भी देखा जा रहा है। नागपुर में दोपहर 2 बजे से कांग्रेस का कार्यक्रम शुरू होगा।

- देशभर के लाखों कार्यकर्ता होंगे शामिल

मुख्य वक्ता ने कहा कि कांग्रेस हैं तैयार हम की थीम पर लोकसभा चुनाव 2024 के मैदान में उतरने की तैयारी कर रही है। इस रैली में देशभर से कांग्रेस के वरिष्ठ नेतागण, पदाधिकारी और लाखों कार्यकर्ता शामिल हो रहे हैं। प्रदेश तथा जिले के विभिन्न ब्लाक के बूथ स्तर तक के कांग्रेस कार्यकर्ता नागपुर रैली में शामिल होंगे। नागपुर की रैली देश की राजनीति में परिवर्तन का शंखनाद होगी। बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में केंद्र की भाजपा सरकार की विफलता, संवैधानिक संस्थाओं की स्वायत्ता पर हमला के विरोध में यह रैली आम आदमी की आवाज होगी। कांग्रेस पार्टी अपने स्थापना के समय 1885 से ही जनता के लिए, जनता की आवाज बन कर संघर्ष करती रही है। हम जनता के हित के लिए सदैव ही संघर्ष करते रहेंगे। राज्य सरकार के विफलता और वादाखिलाफी को लेकर भी पूरी मजबूती के साथ विपक्ष की भूमिका निभाएंगे।

**जिले से 500 कांग्रेस कार्यकर्ता जाएंगे नागपुर**

पिछले लोकसभा चुनाव में 9 सीटों पर भाजपा, जबकि 2 लोकसभा सीट पर कांग्रेस ने जीत हासिल की थी, लेकिन इस बार ऐसा नहीं होगा। कांग्रेस के पक्ष में प्रदेश में लोकसभा की सीटें बढ़ेंगी। प्रेसवार्ता के जिला महामंत्री सुनील गोस्वामी, यासीन करानी, मनोज जैन, मतीन खान, लोमेन्द्र यादव, तारस सिन्हा, खोमेंद्र उइके सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## रासेयो शिविर में जनजागरुकता ग्राम विकास का चल रहा अभियान



हरिभूमि न्यूज ▸▸| चारामा

शासकीय हाईस्कूल जेपरा में सेवा ग्रामीण विकास के लिए युवा थीम पर सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का आयोजन ग्राम रतेसरा में 26 दिसम्बर को किया गया है। सामाजिक और नागरिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने, व्यक्तिगत और सामुदायिक समस्याओं का व्यावहारिक समाधान खोजने, ज्ञान का उपयोग करने, समूह जीवन और जिम्मेदारियों को साझा करने के लिए आवश्यक क्षमता विकसित करने के उद्देश्य को लेकर शिविर रखा गया है। शिविर में बताया गया की सभी स्वयंसेवक सुबह प्रभात फेरी, योग ध्यान कार्य करें। ग्राम स्वच्छता अभियान, दोपहर को विचार आदान प्रदान किया। विभिन्न सेवा शिविर एवं जनजागरुकता कार्यक्रम, शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम करते हैं। जिसमें ग्रामीण युवाओं की भागीदारी बढ़ रहा है। सात दिन सभी गतिविधियां अलग अलग तैयार किया गया है। शिविर की शुरुआत मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत सरपंच रुखम सिंह उइके, अध्यक्षता प्राचार्य शेख संजाद खान, बाबूलाल सिन्हा के उपस्थिति में हुआ। इस दौरान श्यामा गोटी, कलेंद्री कुंजाम, नेकराम, सतरूपा, मोहन सिंह कांगे, भगवान सिंह कुमेटी, छबीलाल, सुनीता कांगे, राधिका नेताम, पीकेंद्र गोटी, उमेंद्र कुंजाम, सुमीत तारम, प्रधानपाठक सीताराम सलाम, शिक्षक धर्मेंद्र कुमार साहू एवं एनएसएस प्रभारी योगेन्द्र चंद्राकर की उपस्थिति रही।

- ग्रामीण युवाओं की बढ़ रही भागीदारी

# एनसीसी कैडेट्स को एकता और अनुशासन का पढ़ाया जा रहा पाठ



**कांकेर।** 8 छत्तीसगढ़ स्वतंत्र कंपनी एनसीसी के द्वारा आयोजित वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में एनसीसी कैडेट को जीवन के लिए जरूरी आत्मबल, शारीरिक एवं मानसिक रूप से मजबूत बनाने व नेतृत्वकर्ता के गुण सिखाए जा रहे है। देशसेवा करने वालों के लिए एनसीसी पहला कदम है। आयोजित शिविर में क मां डें ट ले फ्टि नें ट कर्नल सुरेंद्र फल्सवाल ने बताया कि एनसीसी के कैडेटों को शिविर के दौरान फौज की दिनचर्या में ढलने स्वस्थ रूटीन का पालन करने सिखाया जाता है। कैंप के दौरान कैडेटों को मोटिवेट करना, ताकि वे सशस्त्र सेना में भर्ती होकर देश की सेवा कर सके। एनसीसी का ध्येय वाक्य एकता और अनुशासन का पालन करते हुए स्व-अनुशासित रहना, साफ-सफाई का ख्याल रखना, इधर-उधर कहीं भी कचरा नहीं फेंकना, साबुन से समय-समय पर हाथ धोना, खाना को बर्बाद नहीं करने की हिदायत दिया गया। कैंप में तृतीय दिवस हथियार प्रशिक्षण में फायरिंग के विभिन्न पोजिशन और अन्य हिदायतों के बारे में बताया गया। सुबह पीटी, ब्रेकफास्ट, ड्रिल, मैप रीडिंग और हथियार प्रशिक्षण की क्लासेस के बाद फिर लंच। अपरान्ह 3 बजे से बौद्धिक परिचर्चा, 4 बजे से फुटबॉल और वॉलीबॉल कंपीटिशन की तैयारी, रात में डिनर के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम हो रहे है।

- आयोजन: एनसीसी का वार्षिक प्रशिक्षण शिविर

**यातायात नियमों की दी गई जानकारी**

एनसीसी कैडेट को यातायात की जानकारी देने के लिए यातायात विभाग की टीम पहुँची। यातायात की टीम ने बताया कि यातायात का ज्ञान होना आवश्यक है, सही तरीके से वाहन चलाने से जीवन की रक्षा होती है। 16 वर्ष के जितने भी कैडेट हैं, वे सभी ड्राइविंग लाइसेंस बनवा सकते है, एक घंटे के अंदर लर्निंग लाइसेंस मिल जाता है। लर्निंग लाइसेंस के एक माह बाद ही ड्रायविंग लाइसेंस प्राप्त हो जाता है। छत्तीसगढ़ में वाहन दुर्घटना से प्रति महीने 14 से 15 हजार मौतें होती हैं जिसमें 60 प्रतिशत मौत दोपहिया वाहनों से होती है। दोपहिया वाहन चलाने के लिए बीमा का कागजात, ड्राइविंग लाइसेंस, प्रदूषण सर्टिफिकेट, आरसी की आवश्यकता होती है। एनसीसी कैडेट के पूछे गए विभिन्न सवाल का विस्तृत जानकारी दिया गया। यातायात नियमों के साथ ही साथ सड़क के चिन्ह को ध्यान पूर्वक पालन करना आवश्यक है। इस दौरान लेफ्टिनेंट विजय प्रकाश साहू, लेफ्टिनेंट श्यामलाल कुर्रे, कैंप क्वार्टर मास्टर हेमलाल साहू, महेश कुमार घरत, सुनील ठाकुर, प्रदीप कुमार सिंग, पंकज सेन, दुष्यंत सोनकर, कमल सिंह, एके सिंह, कैंप सूबेदार कृष्णदेव, सीएचएम शशिभूषण सिंह, हवलदार नरेश, हवलदार राजेश, हवलदार राजीव, नायक सुभाष, पीआई स्टॉफ तथा एनसीसी कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नरहरपुर में बोनस वितरण समारोह, भाजपा के नेतृत्व में समृद्धि का गढ़ बनेगा छत्तीसगढ़

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नरहरपुर



भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जयंती पर सुशासन दिवस के अवसर पर जनपद पंचायत नरहरपुर में बोनस वितरण समारोह का आयोजन छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर व पूजा अर्चना कर किया गया। सर्व प्रथम संयुक्त कलेक्टर प्रखर चन्द्राकर ने अतिथियों का स्वागत किया।

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मुकेश संचेती ने किसानों से कहा की भारतीय जनता पार्टी की सरकार जो कहती है वो करती है। वही केंद्र की भाजपा सरकार व देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर जनता ने भरोसा जताया है। इस भरोसे पर खरा उतर छत्तीसगढ़ के गरीब दलित पिछड़ों युवाओं महिलाओं व किसानों के सपनों को पूरा कर समृद्धशाली छत्तीसगढ़ बनाने छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार कृत संकल्पित है और छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार घोषणा पत्र में किए वादों पर अमल करना शुरू कर दिया है। छत्तीसगढ़ के गरीबों को 18 लाख प्रधानमंत्री आवास देने का वादा, महतारी वंदन के तहत प्रदेश कीं मातृशक्ति को साल के बारह हजार रुपए देने जैसे सैकड़ों जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ छत्तीसगढ़ की जनता तक पहुँचाने कार्य प्रारंभ कर चुकी है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार में छत्तीसगढ़ समृद्धि का गढ़ बनेगा। पूर्व जिला पंचायत सदस्य हीरा मरकाम ने बताया की भाजपा सरकार अपने घोषणा पत्र पर अमल करते हुए आज सुशासन दिवस पर दो साल का बोनस किसानों को देने जा रही, जो किसानों के लिए प्रसन्नता का विषय है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य संजय जूरी ने कहा कि भाजपा सरकार 31 सौ रुपए में धान खरीदी व 21 क्विंटल धान खरीदकर कर किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने दृढ़ संकल्पित है। उपस्थित सैकड़ों किसानों को बोनस प्रमाण पत्र वितरित किया गया।

इस अवसर पर जिला कार्यकारिणी सदस्य विजयेंद्र शुक्ला, मंडल कोषाध्यक्ष अघन मरकाम, सह कोषाध्यक्ष हेमंत साहू, उपाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण साहू, भाजपा कार्यकर्ता दीपक यादव, नरोत्तम सिन्हा, राधेश्याम नेताम, गौकरण नाग, जसराज चोपड़ा, लखन साहू, राज नाग सहित क्षेत्र के कृषक, तहसीलदार सुधीर खलको, जनपद सीईओ पीके गुप्ता, बैंक प्रबंधक राजकुमार जैन उपस्थित रहे।

## शौचालय की हो रही ग्रेडिंग

**गीदम।** भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छ शौचालय कैंपेन के तहत नगर पंचायत बारसूर के अंतर्गत सभी सार्वजनिक/ सामुदयिक शौचालय का एनयूएलएम के स्व सहायता समूह द्वारा शासन द्वारा तय किये गए मानको के आधार पर निकाय के सभी शौचालय के बेहतर रख रखाव, मूल भूत सुविधाओ एवं साफ सफाई का ध्यान रखते हुए ग्रेडिंग किया जा रहा है।




# कापसी में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| धनेलीकन्हार



राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई मोदे का शिविर उद्घाटन विकासखण्ड के धनेलीकन्हार में ग्राम कापसी में सात दिवासीय शिविर का आयोजन 25 से 31 दिसंबर तक ग्रामीण विकास के लिए युवा थीम के द्वारा किया गया हैं। कार्यक्रम अधिकारी कुमार मंडावी के द्वारा शिविर प्रतिवेदन वाचन किया गया, जिसमें शिविर से संबंधित दिनचर्या सुबह योग व्यायाम एवं परियोजना कार्य की मुख्य कार्य योजना पर विस्तृत प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि चेतन राम नुरेटी सरपंच के द्वारा शिविर के सफल संचालन के लिए बधाई देते हुए शिविराथियो को आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा दी गई। विशिष्ट अतिथि सहाबती रावते के द्वारा उद्बोधन में बच्चों को स्वयं में अनुशासन में रहकर सभी का सम्मान करते हुए अपने सेवा कार्य को निष्ठापूर्वक आगे बढ़े, हम आप सब की उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को जीवन में उतरकर आगे बढ़ाने की प्रयास करे एवं ऐसे रचनात्मक कार्य कापसी में करें ताकि गांव हमेशा आपको याद करें। संरक्षक सीआर गावडे ने गांव वालों से कहा बच्चे आपके हैं, बच्चों के साथ मिलकर के गांव के विकास के लिए कार्य योजना बनाएं और शासन की जनकल्याण जानकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार के साथ साथ इस शिविर में अधिक से अधिक सहयोग और मार्गदर्शन प्रदान करें। आयोजन में ग्राम पटेल अध्यक्ष रामाराव हिड़को, पूर्व सरपंच देवराज हिंडको, शकुंन दर्रो, प्रमिला चिराम, ममता कोर्राम, मेहतर राम पोया, भुनेश्वर मरकाम, केएन गजबल्ला, मोनिका साहु, अनिल, बलराम, महादल नायक रोशनी पोया, रुखमनी ध्रुव, भवानी, अम्बी, रामकुमार, टिकेश्वर, भूपेंद्र दामिनी, रेणुका के साथ गांव के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

- ग्रामीण विकास के लिए युवा थीम पर लगाया गया

